|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.


- **Year-** 17 **Issue-** 47
Ghaziabad, Sunday, 19 April- 2026
- 19 April to 25 April- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Manisha Bhargava
- **Mob.:** 9871895198
- **Rate.:** 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

www.tbcgzb.in

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad

डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

Email: editor@tbam.co.in


Page 2




Page 5



Page 8



# 54 वोट से गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा बिल

## सरकार को 352 वोट की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में 298 वोट ही पड़े

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को लोकसभा ने उस विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें महिलाओं के लिए आरक्षण को तेजी से लागू करने और नई जनगणना कराए बिना परिसीमन करने का प्रावधान था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान (131वां संशोधन) संशोधन विधेयक सदन में मतदान के दौरान 2/3 बहुमत प्राप्त न कर पाने के कारण पारित नहीं हो सका। मतदान के विभाजन में, 298 सदस्यों ने विधेयकों का समर्थन किया, जबकि 230 ने उनके खिलाफ मतदान किया। कुल वोटों की संख्या 528 थी। लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। सरकार ने इस विधेयक के साथ 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने



के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके ''रास्ते का रोड़ा'' कौन है और उन्हें महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। गृह मंत्री ने अलग-अलग सीटों के बीच जनसंख्या के असंतुलन का हवाला देते हुए कहा कि यह परिसीमन से ही ठीक हो सकता है और विपक्ष को इसमें सहयोग करना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक का महिला आरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि भारत के चुनावी मानचित्र को बदलने का प्रयास है जो एक ''शर्मनाक कृत्य'' है। उन्होंने लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार द्वारा जाति जनगणना को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को मनोनीत सदस्य हरिवंश के उपसभापति पद पर निर्वाचित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री तथा सदन के नेता जे पी नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दिए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए। हरिवंश ने उच्च सदन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखने, सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करने और कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी हरिवंश को उच्च सदन का उपसभापति चुने जाने पर बधाई दी। हरिवंश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति चुना जाना अपने आप में इस बात का गहरा प्रमाण है कि सदन को उन पर कितना भरोसा है।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साहिबाबाद में बीपी एवं वजन मशीनों का वितरण

**मनीषा भार्गव**

**साहिबाबाद।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के संयुक्त प्रयास तथा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साहिबाबाद में रक्तचाप (बीपी) मापने की मशीन एवं वजन मापने की मशीनों का वितरण किया गया। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने और आमजन को बेहतर तथा सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिससे मरीजों की जांच प्रक्रिया अधिक सरल और प्रभावी हो सकेगी।

इस सेवा कार्य का आयोजन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विभिन्न रोटरी क्लबों ने







सक्रिय सहयोग दिया। सहयोग करने वाले क्लबों में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी शामिल रहे। इस अवसर पर कई प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे। इनमें रोटेरियन मनीषा भार्गव (आरएचएएम फाउंडेशन), रोटेरियन संदीप अग्रवाल (अध्यक्ष, गाजियाबाद ग्रीन), रोटेरियन प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, इंदिरापुरम गलोर), डॉ. धीरज कुमार भार्गव (आरएचएएम फाउंडेशन) तथा श्री विक्रम सिंह (आरएचएएम फाउंडेशन दल) उपस्थित रहे।

उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की सेवा पहल समाज के जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही यह रोटरी परिवार की समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगी संस्थाओं और रोटरी क्लबों के प्रयासों की सराहना की गई तथा विश्वास व्यक्त किया गया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा की जाती रहेगी।

# Editorial

## Questions and Doubts Regarding Delimitation

Former Chief Election Commissioner of India, S.Y. Quraishi, has warned that if the implementation of the Women's Reservation Bill remains contingent upon delimitation, the law may not come into effect until the 2034 general elections. If women are to be accorded participation in politics and policy-making, an equivalent number of seats could be allocated based on a 50 percent formula. For instance, based on the mandate received by the BJP-NDA in the elections, they currently hold a total of 292 seats in the Lok Sabha. By adding 50 percent—that is, 146 seats—to this tally, those additional seats could be reserved specifically for women. Similarly, 116 seats could be added to the Opposition's current count of 233 seats. Under the provisions of the amendment bill, the total number of seats in the Lok Sabha is set to increase from 543 to 815, with 33 percent of these seats reserved for women. This implies that 273 women could potentially enter the House as Members of Parliament. The former Chief Election Commissioner estimates that the ongoing census exercise is likely to continue until 2027. The time required to compile and publish the results of this census could be so extensive that the 2029 general elections would be looming just around the corner by the time the data becomes available. If delimitation were to be determined—or is intended to be determined—based on the 2011 census figure of over 121 crore people, it would be fundamentally incongruous and disproportionate, given that the country's current population exceeds 147.66 crore. Is there not a significant disparity between the two census figures? Can the delimitation of the current population—taking into account its growth, expansion, and geographical shifts—be legitimately carried out based on outdated population data? The process of delimitation should not be conducted arbitrarily or at the sole discretion of the government. Admittedly, the Delimitation Commission is constituted under the chairmanship of a sitting or retired judge of the Supreme Court, and its findings cannot be challenged in any court of law. Nevertheless, parliamentary approval of the Commission's report remains a mandatory prerequisite, following which the President's assent serves as the final, definitive decision. Following the delimitation exercise, certain instances have emerged in Jammu & Kashmir and Assam that are so unbalanced and inequitable that they cast serious doubts and raise numerous questions regarding the integrity of the delimitation process itself.

**Manisha Bhargava**

# Indian athletics contingent ready for global relay carnival in Gaborone

**New Delhi.** Five male Indian quarter milers have clocked an impressive time of below 46 seconds in 2026 and all of them are ready to battle it out at the upcoming World Athletics Relays in Gaborone, Botswana, said spokesperson of Athletics Federation of India(AFI) Adille Sumariwalla while addressing an online media briefing on Saturday.

“Going by the current performance of the male quarter milers we can expect a better time than the national record of 2:59:05 seconds,” said Sumariwalla who is also the vice president of world athletics.

The Indian men’s 4x400m relay team set an Asian and national record of 2:59:05 seconds at the 2023 Budapest World Athletics Championships in Hungary. The national team also advanced to the medal round.

Since 2023 the 4x400m relay team members have had mixed luck in the World Relays, but are ready to showcase their potential at the global relay carnival on May 2 and 3 in Gaborone.

During the one-day first International Invitational Relay Competition and third National Open Relay Competition held earlier in March in Chandigarh, the quartet of Manu TS, Amoj




Jacob, Dharmveer Choudhary and Rajesh Ramesh combined well to post a time of 3:01.43 seconds. The performance improved Indian team global ranking to 16 in the men’s 4x400m relay on Road to Gaborone.

“The Indian athletes will compete in five relay events out of six,” Sumariwalla added. “A 21-member Indian relay contingent will compete on the South African soil.”

In the two-day global relay carnival in Botswana top 24 teams will compete in each of the six events. The competition will be held in women’s 4x100m relay; women’s 4x400m relay; men’s 4x100m relay; 4x400m relay; 4x100m mixed relay and 4x400m mixed relay.

The qualification period for 2026 World Athletics Relays started January 1, 2025 and April 5, 2026 was the deadline to qualify for the global relay festival.

Indian Team: Men: Rajesh Ramesh, Manu TS, Amoj Jacob, Dharamveer Choudhary, Theerthesh Shetty, Nihal Joel William, Vishal TK (4x400m men’s relay and 4x400m mixed relay).

Pranav Gaurav, Gurindervir Singh, Animesh Kujur, Ragul Kumar Ganesh Kumar, Harsh Satosh Raut, Tamilarasu S (4x100m men’s relay and 4x100m mixed relay).

Women: Rashdeep Kaur, Kumari Saloni Nagar, Ansa Babu (all 4x400m mixed relay).

Tamanna, Sudeshna Hanmant Shivankar, Nithya Gandhe, Sneha SS, Srabani Nanda (4x100m women’s relay and 4x100m mixed relay).

# Pakistan pick four uncapped players for Bangladesh Tests

**Lahore.** Pakistan have picked four uncapped players in their 16-member squad for their upcoming Test series against Bangladesh, starting May 8 at the Sher-e-Bangla National Cricket Stadium in Dhaka.

Led by Shan Masood, Pakistan have handed maiden Test call-ups to Abdullah Fazal, Amad Butt, Azan Awais and Ghazi Ghori for the two-match red-ball series. While the first Test will be played from May 8-12 at the Sher-e-Bangla National Cricket Stadium, the second match will be played from May 16-20 at the Sylhet International Cricket Stadium.

Fazal and Awais, both left-handed batters, have been rewarded for consistent performances in domestic cricket, while Butt, a seasoned bowling all-rounder, brings experience from a first-class career that began in 2015. Wicketkeeper-batter Ghori, though uncapped in Tests, has already featured in ODIs, having made his debut against Bangladesh last month.




The squad also retains a strong core of experienced players, including Babar Azam, Mohammad Rizwan, Shaheen Afridi, Noman Ali, Sajid Khan and Salman Ali Agha, as Pakistan look to strengthen their position in the ongoing ICC World Test Championship cycle, where they are currently placed fifth.

Bangladesh, meanwhile, sit eighth in the standings, adding further context to the importance of the series for both sides.

Ahead of the tour, Pakistan’s red-ball preparations will begin with a training camp in Karachi from April 27 to May 1 for players not involved in the Pakistan Super League. The Pakistan Cricket Board has also confirmed the coaching staff for the tour, with former captain Sarfaraz Ahmed taking over as head coach, supported by Asad Shafiq as batting coach and Umar Gul as bowling coach.

Pakistan squad for Bangladesh tour: Shan Masood (captain), Abdullah Fazal, Amad Butt, Azan Awais, Babar Azam, Hasan Ali, Imam-ul-Haq, Khurram Shahzad, Mohammad Abbas, Mohammad Rizwan, Ghazi Ghori, Noman Ali, Sajid Khan, Salman Ali Agha, Saud Shakeel and Shaheen Shah Afridi

# Iyer’s effort redefines fielding, says ‘grandfather’ Rhodes

**Mumbai.** A stunning piece of fielding from Punjab Kings skipper Shreyas Iyer in IPL 2026 has earned widespread praise, including from legendary South African fielder Jonty Rhodes, who was particularly impressed by the athleticism and awareness involved in the effort. Iyer pulled off a remarkable boundary save-cum-catch to dismiss Mumbai Indians captain Hardik Pandya, a moment that even left players in the Mumbai dugout, including Suryakumar Yadav and Rohit Sharma, visibly stunned. The effort quickly gained attention across the cricketing world, with several former players and experts, including Sachin Tendulkar, applauding Iyer’s brilliance. Rhodes, widely regarded as one of the greatest fielders in the history of the game, also shared his thoughts in a post on social media, reflecting on how fielding standards have evolved over the years. “Watching Shreyas Iyer perform that acrobatic fielding to assist in taking the ‘team catch’ made me appreciate how fielding has evolved since my retirement. For a long time, I felt like the ‘father of fielding’, but watching these modern athletes with their timing and awareness on the boundary line, makes me feel like the ‘grandfather of fielding’!” Rhodes wrote. He also spoke about how boundary fielding has developed into a specialised skill, something that wasn’t always emphasised during his playing days. Highlighting the broader significance of such moments, Rhodes explained how impactful fielding efforts can energise a side, particularly in the modern T20 game. “I spent 99% of my career fielding in the inner circle, and when I started working as a fielding coach, there was no focus on the modern-day ‘hotspots’ on the boundaries. It was only when I started working with Mumbai Indians and saw Kieron Pollard, and then Glenn Maxwell, performing these incredible ‘airborne saves’ on the boundaries that we started focusing on not only taking catches off balls that were already beyond the rope, but even saving the ball from going for a sixer, and forcing the batters to run only 1 or 2,” he said.

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनसुनवाई की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे, जिन्हें जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का शासन की नीति के अनुरूप त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जनता दर्शन कार्यक्रम की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत जनसुनवाई की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से मॉनिटर की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आम नागरिकों की शिकायतें अनिवार्य रूप से सुनी जाएं। इस दौरान अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म पर लाइव रहकर शिकायतकताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने जूम के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए शिकायतों की जानकारी दी और तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। इस व्यवस्था से शिकायतकताओं को त्वरित राहत मिलने के साथ प्रशासनिक प्रक्रिया भी तेज हुई। कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनता दर्शन के माध्यम से उनकी समस्याओं को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समाधान की उम्मीद बढ़ी है।

## जनगणना में लगे अधिकारी/कर्मचारी को विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों से मुक्त रखा जाएः जिलाधिकारी

गाजियाबाद। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में वर्तमान में श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ जिलाधिकारी, गाजियाबाद ने आदेश जारी किये कि जनपद गाजियाबाद में जनगणना–2027 कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण कार्य की महत्ता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि जनगणना कार्य में लगे अधिकारीगण /कर्मचारियों से जनगणना सम्बन्धी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु अपने विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों से मुक्त रखा जाये। उक्त के साथ ही समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि आपके विभाग के अधीनस्थ अधिकारीगण / कर्मचारी जिनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी है, को जनगणना से सम्बन्धित प्रशिक्षणों, बैठक इत्यादि में ससमय प्रतिभाग करने तथा जनगणना सम्बन्धी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने हेतु निर्देशित कर दें। यदि जनगणना में लगे किसी अधिकारी / कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लिया जायेगा तथा जनगणना से सम्बन्धित सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

# आरकेजीआईटी में 'हैकवाट्र्स 2026' का सफल आयोजन




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गीक्स फॉर गीक्स कैंपस बॉडी के सहयोग से 'हैकवाट्र्स 2026' हाइब्रिड हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकाय समन्वयकों डॉ. गगनजोत कौर एवं राहुल शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 400 से अधिक पंजीकरण हुए, जिनमें से 100 से अधिक प्रतिभागी फाइनल चरण तक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य एम वी पी निर्माण एवं गिटहब के माध्यम से व्यावहारिक उपयोग था। प्रतियोगिता में शैडो सिंडिकेट टीम (परम राज सिंह, विवेक चौहान, मोहम्मद फैज, मोहम्मद कैसर आलम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेजीकोडर्स टीम (अरविंद कुमार, ओम कुशवाहा, ऋषभ पाल) ने द्वितीय स्थान तथा कोडक्लैश टीम (आदित्य कुमार झा, सलोनी त्यागी, अभिषेक शर्मा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने छात्रों को नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। साथ ही अक्षत गोयल (उपाध्यक्ष), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (समूह सलाहकार), डॉ. डी. के. चौहान (कार्यकारी निदेशक), डॉ. आर. के. यादव (डीन - शैक्षणिक), डॉ. रामेंद्र सिंह (डीन - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ), श्री एच. जी. गर्ग (डीन - छात्र कल्याण) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों व आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं। यह हैकाथॉन छात्रों के लिए नवाचार, सहयोग और तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

## साहिबाबाद में व्यापारी पर हमला, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित पाइप मार्केट में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब व्यापारी सुमित जैन की दुकान में अचानक 8 से 10 लोग घुस आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना से बाजार में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी को हमलावरों से सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़ित व्यापारी सुमित जैन ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उन्होंने क्षेत्र के कैलाश नगर स्थित पाइप फिटिंग पाट्र्स बनाने वाली एक फैक्टरी मालिक से संपर्क किया था। उन्होंने लगभग 50 से 60 हजार रुपये का माल तैयार कराने का ऑर्डर दिया था। लंबे समय तक ऑर्डर न मिलने पर उन्होंने आरोपी से फोन पर संपर्क किया। व्यापारी के अनुसार, आरोपी पक्ष ने उन्हें बताया कि माल गाड़ी में रखा हुआ है और वहीं जाकर जांच कर लें। लेकिन किसी अनहोनी की आशंका के चलते उन्होंने दुकान छोड़कर गाड़ी तक जाने से मना कर दिया।

# नगर निगम मुख्यालय में जारी है टैक्स विभाग की ट्रेनिंग, नई संशोधित दरों से कैलकुलेट होगा टैक्स

## जल्द ही नई संशोधित दरों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराएं अधिकारी: नगर आयुक्त

● तीन समान किस्तों में समायोजित होगा, निगम में ज्यादा जमा हुआ टैक्स





**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में टैक्स विभाग टीम की ट्रेनिंग का कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, कर निरीक्षक द्वितीय, टैक्स विभाग लिपिक तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को नई संशोधित दरों के बारे में जानकारी देते हुए ट्रेनिंग दी जा रही है जिसमें सभी छूट के साथ शासन के निर्देश के क्रम में केवल 20% से 21% की वृद्धि हाउस टैक्स में हो रही है।

ट्रेनिंग दी जा रही है मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय उपस्थित रहे जिनके द्वारा टैक्स विभाग टीम को ट्रेनिंग तथा जानकारी से अवगत कराने का कार्य कराया जा रहा है। ट्रेनिंग के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी टैक्स विभाग टीम से सीधा संवाद करते हुए जनहित में लागू हाउस टैक्स की नई संशोधित दरों पर संपूर्ण जानकारी रखने, तथा दी जाने वाली छूट की संपूर्ण जानकारी रखने के निर्देश दिए गए साथ ही कैलकुलेशन को भी नई संशोधित दर के हिसाब से समझने के लिए भी कहा गया, नगर आयुक्त द्वारा जल्द से जल्द सॉफ्टवेयर पर भी नई संशोधित दरों को अपलोड करने के निर्देश दिए गए जिसमें 10 दिन के भीतर कार्यवाही करने के लिए कहा गया, कर दाताओं को भी शासन द्वारा



निर्धारित नई संशोधित दरों की सही जानकारी देते हुए जागरूक करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए। ज्यादा जमा हुआ टैक्स 3 वर्ष के भीतर तीन समान किस्तों में समायोजित किया जाएगा तथा तीन माह तक किसी भी करदाता पर 12% का ब्याज नहीं लगाया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा ट्रेनिंग के दौरान उपस्थित जनों को स्पष्ट करते हुए विशेष रूप से बताया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को लगातार टैक्स विभाग टीम की चल रही ट्रेनिंग की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया, ट्रेनिंग के समय समस्त जोन के जोनल प्रभारी व समस्त टीम उपस्थित रही।

# 30 हजार वर्गमीटर में बस रही अवैध कॉलोनी पर जीडीए का बुलडोजर

## औरंगाबाद गदाना में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण एवं अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद गदाना में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 30 हजार वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि ग्लोब शाइन बिल्डर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निरंजन फौजदार एवं अनुज चौधरी के माध्यम से खसरा संख्या-396, राजस्व ग्राम औरंगाबाद गदाना, हापुड़ रोड, मोदीनगर स्थित भूखंड पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार लगभग छह माह पूर्व यहां विकास कार्य प्रारम्भ किया गया था। कॉलोनाइजर द्वारा बिना किसी स्वीकृत लेआउट अथवा तलपट मानचित्र के प्लॉटिंग की जा रही थी। क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए मिट्टी डाली गई थी तथा बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और अन्य संरचनाएं तैयार की जा चुकी थीं।

निरीक्षण के दौरान जब प्राधिकरण टीम ने स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा तो मौके पर कोई वैध अनुमति उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद अवैध निर्माण को चिन्हित करते हुए तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों की मदद से कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कों, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और अन्य निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पूरे परिसर को सील करने की कार्रवाई भी की गई ताकि भविष्य में दोबारा अवैध निर्माण न हो सके। कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर एवं निर्माणकताओं द्वारा विरोध जताया गया, लेकिन प्राधिकरण प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक कार्रवाई प्रभावी रूप से जारी रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के विरुद्ध विकास कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल तथा प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई गई। जीडीए अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी भूखंड या प्लॉट को खरीदने से पूर्व प्राधिकरण से उसकी वैधता एवं स्वीकृत मानचित्र की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्राधिकरण ने यह भी संकेत दिए हैं कि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य नियोजित विकास को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं वैध आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य दीक्षांत समारोह, 451 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान

## यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री संवाद में 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल



**टीबीसी संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को गरिमामय एवं भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 451 छात्र-छात्राओं को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार राय (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद), संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार अल्पना रानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह का आकर्षक शुभारंभ अरवाचीन भारतीय भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैगपाइप बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों एवं प्लेसमेंट में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला।

दीक्षांत समारोह में कुल 451 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डेटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा लगभग 4.15 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने विद्यार्थियों को आत्मविकास, सशक्त निर्णय क्षमता एवं तकनीकी दक्षता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है।

साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तकनीक तेजी से उन्नत हो रही है और स्वयं को अद्यतन करने में सक्षम है, ऐसे में युवाओं को समय रहते इसे अपनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर कुलपति द्वारा संस्थान में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस–रोबोटिक्स एंड ड्रोन लैब तथा स्पेस टेक्नोलॉजी लैब का उद्घाटन भी किया गया।

दीक्षांत समारोह के उपरांत 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री संवाद' का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत की वर्तमान चुनौतियों एवं उनके समाधान पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, साहिबाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन, गाजियाबाद एवं नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा जिला उद्योग निगम के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इसके साथ ही 100 से अधिक मल्टीनेशनल एवं नवरत्न कंपनियों के संस्थापक, प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं एचआर प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व छात्रों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिनमें से कई सफल उद्यमी के रूप में स्थापित हैं और 50 से अधिक स्टार्टअप का संचालन कर रहे हैं। समारोह का समापन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ।

इस दौरान एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कुमार जैन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषयक जागरूकता गोष्ठी में महिलाओं के सशक्तिकरण का संदेश

# सरकार का संकल्प महिलाओं को शिक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाना: कमलावती सिंह

## महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में निर्णायक: कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा










**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषयक जागरूकता गोष्ठी एवं प्रेस वार्ता का आयोजन हिन्दी भवन, लोहिया नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर भाजपा, जिला प्रशासन एवं सूचना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसके पश्चात कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला शक्ति के सम्मान और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार, पुष्टाहार वितरण तथा जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी मंच से लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल राजनीतिक आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को नीति निर्माण में अधिक महत्व मिलेगा। यह अधिनियम लैंगिक समानता को मजबूत करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करेगा तथा बालिकाओं में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, राष्ट्रीय महिला कोष, उत्तर प्रदेश महिला सामर्थ्य योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, विधवा पेंशन तथा वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार का संकल्प महिलाओं को शिक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित हो सके। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाएं घर से लेकर कार्यालय और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और देशहित की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा महिला पदाधिकारी, महिला पार्षद, कार्यकर्ता, विद्यालयों की छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, आशा एवं एएनएम कर्मी, महिला लाभार्थी, महिला वालंटियर तथा महिला ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम स्थल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और मोदी जी के समर्थन में लगाए गए नारों से पूरा हिन्दी भवन गूंज उठा। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई।

# आने वाले वर्षों में हर वंचित वर्ग अपनाएगा बाबा साहब की विचारधारा: सिकंदर यादव



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में गाजियाबाद के अंबेडकर पार्क, नवयुग मार्केट में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान 'जय भीम' के नारों से वातावरण गूंजता रहा। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सिकंदर यादव ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, भगवान बुद्ध और संत कबीर की विचारधारा पर विस्तार से अपने विचार रखे और समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आ'ान किया। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए सिकंदर यादव ने श्री सद्गुरु महाराज को नमन किया और कहा कि गुरु की कृपा से ही उन्हें भगवान बुद्ध और बाबा साहब के महान विचारों को समझने और अपनाने का अवसर मिला। उन्होंने मंच पर उपस्थित वरिष्ठ नेता डी.पी. यादव का विशेष उल्लेख करते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानी से लेकर राज्यसभा तक का उनका सफर समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और वे वास्तव में एक 'लिविंग लीजेंड' हैं। सिकंदर यादव ने कहा कि वे पिछले 14 वर्षों से लगातार इस मंच से जुड़े हुए हैं और हर बार यहां आकर उन्हें अपनापन महसूस होता है। उन्होंने



कहा कि इस मंच से जुड़े लोग गौतम बुद्ध, बाबा साहब और कबीर की समानता, भाईचारे और मानवता की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की विचारधारा अब केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व स्तर पर फैल रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हंगरी में रहने वाले रोमा समुदाय ने बाबा साहब की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई, उनकी प्रतिमा स्थापित की और 'जय भीम' के नारे लगाए। आज 25 से अधिक देशों में उनकी जयंती मनाई जा रही है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। अपने भाषण में उन्होंने बाबा साहब की प्रसिद्ध पुस्तक Annihilation of Caste और बुद्ध और उसका धम्म का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक हैं और भेदभाव समाप्त करने के लिए उनके सुझाव आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध के कर्म, प्रयास और पंचशील के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। सिकंदर यादव ने कहा कि आज भी कुछ शक्तियां संविधान और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे समय में समाज को जागरूक रहना होगा और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए बाबा साहब एवं भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाना होगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले 20 से 30 वर्षों में देश का हर पीड़ित, शोषित और वंचित वर्ग बाबा साहब की विचारधारा को अपनाएगा।

अंत में 'बुद्धं नमामि, धम्मं नमामि, संघं नमामि' और 'जय भीम, जय भारत' के नारों के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में आयोजित हुई इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता

## प्रतियोगिता में छात्राओं की चाल से हैरत में पड़े प्रतिद्वंदी





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर वर्ग में किया गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य बीनू गर्ग और पूजा श्रीवास्तव मैडम उपस्थिति रही स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने चेस प्रतियोगिता को ओपन करते हुए स्वयं शतरंज खेलकर अपनी च्रलो से बच्चे को चौका दिया। जूनियर वर्ग में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं कस्तूरबा सदन के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा हाउस ने मैच को जीत लिया। किसी के साथ सीनियर ग्रुप में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं गार्गी सदन के बीच खेला गया जिसमें तेरा सदन ने अपनी शतरंज की नई-नई चालो से मात देते हुए गार्गी सदन को हरा दिया।

जूनियर वर्ग में श्रेया, तृषा, परिधि, सोनाक्षी एवं टेरेसा सदन में सनाया, नंदिनी, सानवी, दीपा उपस्थिति रही। उसी के साथ सीनियर वर्ग में टेरेसा सदन में अनन्या,ज्योति, जिया, रिया,काव्य एवं गार्गी सदन में मीनाक्षी, अवनी, आराध्या, मानसी, अनुश्री आदि छात्राएं उपस्थित रहे।

# खोड़ा-मकनपुर में विकास की नई धाराः जलापूर्ति पाइपलाइन का शिलान्यास, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण







**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली, जब उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा तथा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति हेतु पाइपलाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही वार्ड-26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में पेयजल की समस्या को समाप्त करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन विस्तार कार्य केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त जल पहुंचाने का संकल्प है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में क्षेत्र में पानी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और प्रत्येक नागरिक को नियमित पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' के विजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। पहले जहां लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी या टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता था, अब घर-घर नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर देते हुए मंत्री ने वार्ड-26 में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लोकार्पण को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर उपचार मिल सकेगा। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि खोड़ा पेयजल आपूर्ति योजना (प्रथम चरण) का शिलान्यास क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। यह परियोजना वर्षों पुरानी जल समस्या के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाना और नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम, डॉ. राकेश गुप्ता, ज्ञानेन्द्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह (अधिशासी अधिकारी, खोड़ा) सहित नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महापौर सुनीता दयाल ने किए 1.20 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

## सड़क-नाली निर्माण के साथ पार्कों के सौंदर्यीकरण पर विशेष फोकस



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कविनगर जोन में महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। महापौर ने पारंपरिक रूप से नारियल फोड़कर कार्यों की शुरूआत की और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

इन विकास कार्यों में सड़क एवं नाली निर्माण के साथ-साथ पार्कों के सौंदर्यीकरण को भी शामिल किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा।

शिलान्यास के अंतर्गत वार्ड 46 की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में गली नंबर 13 में चमन तेवतिया के मकान से रवि कुमार के मकान तक लगभग 18 लाख रुपये की लागत से सड़क व नाली निर्माण कराया जाएगा। इसी वार्ड के गार्डन एनक्लेव क्षेत्र में लोकेन्द्र कुमार के मकान से तालियान के मकान तक लगभग 22 लाख रुपये की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। वार्ड 47 शास्त्री नगर में सेक्टर 60 और 61 के सामने जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगभग 14 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कराया जाएगा।

वहीं वार्ड 18 रजापुर बाल्मीकि बस्ती में विभिन्न गलियों में नाली और सड़क निर्माण पर लगभग 18 लाख 11 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वार्ड 47 महेंद्रा एन्क्लेव में सी-33 से 29 तक लगभग 7 लाख रुपये की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण तथा वार्ड 56 चिरंजीव विहार स्थित सेंट्रल पार्क के सौंदर्यीकरण पर लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम लगातार सड़क और नाली निर्माण कार्य कर रहा है, लेकिन अब शहर में हरियाली बढ़ाने और बेहतर वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्कों के सौंदर्यीकरण और हरित विकास की योजनाएं शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से मिली जिम्मेदारी को निभाते हुए नगर निगम प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं कमी दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अमित त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत पाराशर, पूर्व पार्षद विरेन्द्र चौधरी, पूर्व पार्षद साहब सिंह सिरोही, पूर्व पार्षद आर.के. त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों की शुरूआत पर उत्साह व्यक्त करते हुए महापौर का स्वागत किया और क्षेत्रीय विकास के लिए आभार प्रकट किया।

# महामाया स्टेडियम को मिलेगा नया रूप, खेल मंत्री ने किया निरीक्षण—विकास कार्य तेज करने के निर्देश





**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिले के महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरीश चन्द यादव ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ, बड़े हॉल में फ्लोरिंग, खिड़की-दरवाजे और विद्युत कार्यों से संबंधित प्रस्ताव जल्द से जल्द खेल निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, बाउंड्री वॉल निर्माण और अन्य खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर जोर दिया। साथ ही निर्माण कार्य कर रही संस्था को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

खेल मंत्री ने स्पष्ट कहा कि स्टेडियम के सभी निर्माण कार्य जल्द पूरे हों, जिससे स्थानीय बालक-बालिका खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, यूपी सिडको को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन का मानना है कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद महामाया स्टेडियम जिले में खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

# भारत गौशाला में गौवंशों को हरा चारा वितरित






**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के संयुक्त प्रयास तथा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से भारत गौशाला, कनवानी (इंदिरापुरम) में गायों एवं बैलों के लिए हरा चारा वितरण का नियमित सेवा अभियान निरंतर जारी है।

अक्तूबर 2025 से प्रत्येक बुधवार आयोजित हो रहे इस सेवा अभियान के अंतर्गत इस सप्ताह 26वीं बार हरा चारा वितरण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह पहल पशु सेवा और कल्याण के प्रति रोटरी परिवार की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है।






कार्यक्रम का संचालन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विभिन्न रोटरी क्लबों का सक्रिय सहयोग रहा। सहयोग करने वाले क्लबों में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इनमें रोटेरियन मनीषा भार्गव (आरएचएएम फाउंडेशन), रोटेरियन संदीप अग्रवाल (अध्यक्ष, गाजियाबाद ग्रीन), रोटेरियन प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, इंदिरापुरम गलोर), डॉ. धीरज कुमार भार्गव (आरएचएएम फाउंडेशन) तथा श्री विक्रम सिंह (आरएचएएम फाउंडेशन दल) शामिल रहे।

यह सेवा पहल आरएचएएम फाउंडेशन, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन तथा सहयोगी रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयासों का एक सशक्त उदाहरण है, जिसका मुख्य उद्देश्य गौशाला में रह रहे पशुओं को नियमित पोषण उपलब्ध कराना और पशु कल्याण को प्रोत्साहित करना है।

# दिल्ली में 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' की भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस, 24 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

- **प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सुबोध भावे, समिक्षा भटनागर, वर्षा मणिकचंद, अनिरुद्ध दवे और हितेन तेजवानी मौजूद रहे**

**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक और प्रेरणादायक फिल्म 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' की प्रेस कॉन्फ्रेंस राजधानी दिल्ली के द मेट्रोपॉलिटन होटल, गोल मार्केट में आयोजित की गई। इस मौके पर फिल्म की स्टार कास्ट और निमार्ताओं ने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सुबोध भावे, समिक्षा भटनागर, वर्षा मणिकचंद, अनिरुद्ध दवे और हितेन तेजवानी मौजूद रहे। सभी कलाकारों ने फिल्म में अपने किरदारों और अनुभवों को साझा किया।

फिल्म 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' एक आध्यात्मिक यात्रा को बड़े पर्दे पर जीवंत करने का प्रयास है, जिसमें महान संत के जीवन, उनके चमत्कारों और उनके उपदेशों को दशार्या गया है। फिल्म का निर्देशन शरद सिंह ठाकुर ने किया है।




फिल्म में सुबोध भावे मुख्य भूमिका में श्री बाबा नीब करौरी महाराज के रूप में नजर आएंगे। समिक्षा भटनागर सिद्धि मां, वर्षा मणिकचंद भक्ति मां और अनिरुद्ध दवे जीवन दादा (बाबा जी के सेवक) की भूमिका निभा रहे हैं। हितेन तेजवानी भी फिल्म में अहम किरदार में दिखाई देंगे।

इसके अलावा फिल्म में राजेश शर्मा, मिलिंद गुणाजी, हेमंत पांडे, मोहित गुप्ता, महेश शेट्टी, हार्दिक कौर, स्मिता तांबे, गरिमा अग्रवाल, आरती नागपाल, गौरीशंकर सिंह, शैलेंद्र गौर, शांतनु और श्यामलाल जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म का निर्माण बलराम गर्ग, बलवीर सिंह, शरद सिंह ठाकुर, खड़क सिंह गौर और नीलम सिंह द्वारा किया गया है। यह फिल्म अनीशा फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले , पीसी ज्वेलर, बीएसआर फिल्म प्रोडक्शंस और एडवांस टेक्नोलॉजी के सहयोग से बनाई गई है, जबकि फर्स्ट फिल्म स्टूडियो इसके ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा संभाल रहा है।

फिल्म की टीम के अनुसार, यह फिल्म दर्शकों को भक्ति, आस्था और आध्यात्मिकता से जुड़ी एक गहन और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाएगी।

अपने सशक्त अभिनय और प्रभावशाली कहानी के साथ यह फिल्म सभी वर्गों के दर्शकों को जोड़ने का वादा करती है। 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' फिल्म 24 अप्रैल 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

# स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**इंदिरापुरम।** रहम फाउंडेशन एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से आशियाना उपवन, इंदिरापुरम में स्वच्छता एवं महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं, विशेषकर गृह सहायिकाओं एवं सोसाइटी कर्मचारियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता तथा महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर 100 से अधिक लाभार्थियों को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी द्वारा किया गया। साथ ही रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम का सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश गोयल (अध्यक्ष), अजय चौधरी, विध्यानंद त्यागी एवं मधु गोयल (रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी), सुनीप अग्रवाल (अध्यक्ष, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन), डॉ. धीरज के. भार्गव (संस्थापक अध्यक्ष, रहम फाउंडेशन) एवं मनीषा भार्गव (कोषाध्यक्ष, रहम फाउंडेशन) की गरिमामयी उपस्थिति रही।














इस सेवा परियोजना के परियोजना समन्वयक प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर) रहे, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी संस्थाओं ने समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेड़ा में स्वास्थ्य शिविर एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान के साथ जूस व बिस्किट वितरण

**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करेड़ा (गाजियाबाद) में 'संचारी रोगों को हराना है' विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को पोषण प्रोटीन अनुपूरक, जूस और बिस्किट वितरित किए गए, जिससे उनके समुचित पोषण को बढ़ावा मिल सके।

यह आयोजन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न रोटरी क्लबों की सक्रिय भागीदारी रही। सहभागी क्लबों में रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल शामिल रहे।









यह कार्यक्रम इस श्रृंखला का 13वां जागरूकता अभियान रहा, जो सभी सहयोगी संस्थाओं की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.